भारत सरकार
सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

लोकसभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3100
11.03.2026 को उत्तर देने के लिए

जीओआईस्टेट्स मोबाइल एप्लिकेशन

3100. श्री अशोक कुमार रावत:

क्या सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) जून 2025 में शुरू होने के बाद से जीओआईस्टेट्स मोबाइल एप्लिकेशन की वर्तमान स्थिति क्या है, साथ ही डाउनलोड की नवीनतम संख्या कितनी है, सक्रिय उपयोगकर्ता कितने हैं और उपयोगकर्ता सहभागिता रुझान क्या हैं;

(ख) सरकार द्वारा डेटासेट का विस्तार किए जाने, क्षेत्रीय कवरेज बढ़ाने और मंच पर उपयोगकर्ताओं के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

(ग) क्या एप्लिकेशन की विशेषताओं की प्रभावशीलता का आकलन करने के लिए कोई प्रतिक्रिया या उपयोग मूल्यांकन किया गया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या सरकार का नागरिक-केंद्रित डेटा प्रसार को सुदृढ़ करने के लिए जीओआईस्टेट्स को अन्य राष्ट्रीय डेटा मंचों के साथ एकीकृत करने का विचार है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार); योजना मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा संस्कृति मंत्रालय राज्य मंत्री [राव इंद्रजीत सिंह]

(क): फरवरी, 26 तक जीओआईस्टेट्स मोबाइल एप्लिकेशन के डाउनलोड 17,475 हैं तथा हिट्स की संख्या 3,66,390 है। इसके अतिरिक्त फरवरी, 2026 माह में इसके 2576 सक्रिय उपयोगकर्ता हैं।

(ख): डेटासेट विज़ुअलाइज़ेशन और इन्फोग्राफिक्स की ऑनबोर्डिंग सतत प्रक्रियाएं है।वर्तमान में, 9 सांख्यिकीय उत्पादों जैसे राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी,उपभोक्ता मूल्य सूचकांक,थोक मूल्य सूचकांक, घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण, आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण, औद्योगिक उत्पादन सूचकांक, वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण,

अनिगमित क्षेत्र के उद्यमों का वार्षिक सर्वेक्षण और आर्थिक गणना का डेटा और विज़ुअलाइज़ेशन, जिसमें 12 सामाजिक आर्थिक संकेतक शामिल हैं, मोबाइल एप्लिकेशन पर उपलब्ध करवाए गए हैं। इसके अतिरिक्त, ऐप पर 178 इन्फोग्राफिक्स भी उपलब्ध हैं।

(ग) एवं (घ): उपयोगकर्ता रेटिंग के संदर्भ में प्रतिक्रिया गूगल प्ले स्टोर और आईओएस (iOS) ऐप स्टोर दोनों पर उपलब्ध हैं। ऐप को गूगल प्ले स्टोर पर 4.9/5.0 और आईओएस (iOS) ऐप स्टोर पर 4.8/5.0 की रेटिंग मिली है। इसके अतिरिक्त , इस ऐप में अंतर्निर्मित प्रतिक्रिया सेक्शन है और यदि कोई प्रतिक्रिया प्राप्त होती है, तो ऐप को बेहतर बनाने के लिए उसका विश्लेषण किया जाता है।

(ड़) एवं (च): यह ऐप सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के डिजिटल डेटा प्रसार समूह के एक अंश के रूप में विकसित किया गया है जिसका विशिष्ट उद्देश्य हितधारकों को चयनित संकेतक तुरंत प्रदान करना है। तदनुसार, जीओआईस्टेट्स ऐप को इस स्तर पर दूसरे राष्ट्रीय डेटा मंचों के साथ एकीकृत करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

****